Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

स्थापना-दिवस / पृथ्वी-दिवस

20 अप्रैल, 2022 की प्रातःक़ालीन शुभवेला में बाल भारती पब्लिक स्कूल, नौएडा के प्रांगण में 31 वें स्थापना-दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर 'हरित धरती, खुशहाल जीवन' का संदेश देता, 52 वाँ 'पृथ्वी-दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'सरगुंजन' द्वारा की गई, जिसने सबका मन मोह लिया। अगली पेशकश थी - विद्यालय की सुनहरी यादों का ताना-बाना, जिसे प्रस्तुत किया, पूर्व छात्रों ने, जो कि आज प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत रहते हुए विद्यालय का नाम रोशन कर रहें हैं। 'हरित धरा' का संदेश देती नृत्य-नाटिका 'धरित्री' और नुक्कड़-नाटक 'हरी-भरी हो धरा हमारी' काबिल-ए-तारीफ़ रहे। प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती आशा प्रभाकर जी ने पौधारोपण करके छात्रों को इन विशेष दिवसों की महत्ता बताई तथा अपने अनमोल वचनों से उनका मार्गदर्शन किया तथा इसके साथ ही डिजिटल आर्ट पत्रिका तथा ग्राफ़िक नॉवल का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा - विद्यालय की विशिष्ट उपलब्धियाँ दर्शाता वीडियो, जिसने मीठी-मीठी यादें एक चलचित्र के समान सबके सामने प्रस्तुत कर दीं। अंत में सभी छात्रों ने पर्यावरण की सुरक्षा करने की शपथ ली और प्रण किया कि वे पर्यावरण-रक्षण के अगुआ बनकर भविष्य को हरित एवं ख़ुशहाल बनाने का प्रयास करते रहेंगे।

मेरी भी आवाज़ सुनो !

बाल भारती ! जन्मदिन मुबारक हो !

बेमिसाल पेशकश !

मिले सुर मेरा तुम्हारा!